अति आवश्यक अवमानना प्रकरण

राजस्थान सरकार

निदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवायें, राजस्थान जयपुर।

क्रमांकः चि.अ. / ओ–44 / 2024 / दिनांकः

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी,
मोती डुंगरी सैटेलाईट अस्पताल,
जयपुर।

विषयः– आपके संस्थान में पदस्थापित लेखाधिकारी / सहायक लेखाधिकारी द्वारा डॉ0 ओ.पी. अग्रवाल, व. विशेषज्ञ (सर्जरी) सेवानिवृत के ब्याज के भुगतान की गणना के सम्बन्ध में।

संदर्भः– निदेशालय के राजकाज रेफरेन्स नं0 6506132 दिनांक 05.04.2024 एवं 130 दिनांक 29.04.2024।

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रों के माध्यम से डॉ0 ओ.पी. अग्रवाल, व. विशेषज्ञ (सर्जरी) सेवानिवृत के प्रकरण में लेखाधिकारी के माध्यम से आवश्यक सुचना चाही गयी थी। निदेशक, भ्रमणशील शल्य चिकित्सा इकाई जयपुर ने व्यक्तिगत रुप से अवगत कराया है कि उनके कार्यालय में वर्तमान में लेखाधिकारी / सहायक लेखाधिकारी पदस्थापित नहीं हैं। जिससे प्रकरण की वांछित सूचना भिजवाने में विलम्ब हो रहा है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके संस्थान में पदस्थापित लेखाधिकारी / सहायक लेखाधिकारी को निर्देशित कर डॉ0 ओ.पी. अग्रवाल, व. विशेषज्ञ (सर्जरी) सेवानिवृत के विचाराधीन प्रकरण के सम्बन्ध में निम्न आक्षेप की पूर्ती कर निदेशालय को भिजवाने हेतु पाबंद करें, जिससे माननीय न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण का निस्तारण करवाया जा सकें:–

1. डॉ0 ओ.पी. अग्रवाल, व. विशेषज्ञ (सर्जरी) सेवानिवृत के पीपीओं एवं जीपीओं की प्रति।
2. ब्याज गणना शीट में पेंशन और ग्रेच्युटी की देय तिथि और भुगतान की वास्तविक तिथि के साथ समय अवधि का उल्लेख करें।

निदेशक (जन स्वास्थ्य),
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,
राजस्थान जयपुर।

क्रमांकः चि.अ. / ओ–44 / 2024 / 168 दिनांकः 16/05/2024

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान जयपुर।
2. निदेशक, भ्रमणशील शल्य चिकित्सा इकाई जयपुर को भेजकर लेख है कि संबंधित से समन्वय स्थापित करते हुये चाही गयी सूचना अविलम्ब निदेशालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।
3. वित्तीय सलाहकार मुख्यालय को भेजकर लेख है कि संबंधित लेखाधिकारी को अपने स्तर से पाबंद करें।
4. प्रभारी सर्वर रुम को पत्र की प्रति संबंधित को ईमेल एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड हेतु।
5. रक्षित पत्रावली।

निदेशक (जन स्वास्थ्य),
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,
राजस्थान जयपुर।